wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-98 | सागवाड़ा, मंगलवार, 7 दिसम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## पंचायत सहायक संघ की कार्यकारिणी का गठन

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा ब्लॉक के पंचायत सहायक संघ की कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को हुआ। जिलाध्यक्ष जितेंद्र मेहता, चुनाव प्रभारी राजेंद्र सिंह लिमडी व दर्जन सिंह के सानिध्य में सर्वसम्मति से चुनाव हुए। जिसमें अध्यक्ष सुभाष श्रीमाली को निर्विरोध चुना। साथ ही उपाध्यक्ष धनेश्वर पाटीदार और अरुणा सुथार, सचिव हर्षित सरोदा, सह सचिव पंकज सेवक, महामंत्री रमणलाल पारगी, महिला प्रतिनिधि पूर्वा दीक्षित, ममता सोमपुरा, पिंकी पाटीदार और पूजा मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण भट्ट, प्रवक्ता प्रकाश उपाध्याय, सतीशचंद्र जोशी और भूपेंद्र मांडव, जिला प्रतिनिधि हिमांशु चौबीसा, भरत पाटीदार, गणेश लाल रोत, सलाहकार वासुदेव यादव, विजय रावल, दीपक गर्गव मणिलाल यादव, संगठन मंत्री वासुदेव डामोर, मुकेश रावल, सुधीर भट्ट, प्रशांत, दीपक व्यास, चंद्रप्रकाश व शशिकांत पुरोहित, मीडिया प्रभारी विकास व गजवीर सिंह चौहान को बनाया। साथ ही सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, मानजी पाटीदार, मंगलेश, धीरज उपाध्याय और दीपक श्रीमाली को आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया। इस अवसर ब्लॉक के पंचायत सहायक मौजूद थे।

## प्रभुदास धाम रामद्वारा का पाटोत्सव बुधवार को

**सागवाड़ा।** प्रभुदास धाम रामद्वारा का पाटोत्सव बुधवार को होगा। संत उदयरामजी के सानिध्य में होने वाले पाटोत्सव में शाम 4 बजे से प्रवचन और भजन कीर्तन होगे। साथ ही शाम को जगन्नाथ पुरी के यात्रीगणों द्वारा शाम 6 बजे महाप्रसाद का आयोजन होगा। प्रभु दास धाम धाम द्वारा समिति और महिला मंडल में अधिक से अधिक संख्या में प्रवचन और सत्संग का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौके पर ही मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र की कनबा पुलिस चौकी के अंतर्गत ओडा बड़ा मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में डूंगरपुर-बिछीवाडा मार्ग पर ओडा-बड़ा गाँव के मोड़ के पास आज अज्ञात वाहन ने एक बाइक को अपनी चपेट ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर वहा से गुजर रहे लोगो ने सड़क पर क्षतिग्रस्त बाइक व युवक को लहुलुहान हालत में देखा। वही मामले की जानकारी कनबा पुलिस चौकी को दी। इधर मार्ग से गुजर रहे लोगो की मौके पर भीड़ लग गई। सुचना पर कनबा पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल पोपटलाल व कांस्टेबल रमेश लबाना मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने युवक की जांच की तो उसकी मौत हो चुकी थी वही उसकी जेब से मिले दस्तावेजो से मृतक की पहचान पाड़वा निवासी 26 वर्षीय मोहनलाल प्रजापत के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त करते हुए बिछीवाडा थाने में रखवाया वही मृतक के शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है। कल परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जायेगी। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुनाली वाड़ा में खेतों पर मेड़बंदी करने गए एक किसान की कुएं में गिरकर मौत

**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पुनाली वाडा गांव में खेतों पर मेड़बंदी करने गए एक किसान की पैर फिसलने से कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद गांव के लोग एकत्रित हो गए और काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाने के एएसआई तेजसिंह ने बताया कि मांडवा फला डूंगरा निवासी 20 वर्षीय योगेश परमार खेतीबाड़ी का काम करता है। वह पुनाली वाड़ा गांव में भी भागीदारी खेत लेकर काम करता है। आज सुबह योगेश खेतो में मेडबंदी का काम करने पुनाली वाडा गांव में खेत पर गया था। इस दौरान वह खेतो में काम कर रहे कमलेश परमार को बताकर शौच करने चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो कमलेश उसे ढूंढने के लिए निकला। खेतों के बीच कुएं में देखा तो योगेश की चप्पलें और पानी की बोतल तैर रही थी। ऐसे में योगेश के कुंए में गिरने की आशंका जताई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग आ गए और योगेश की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद योगेश को बाहर निकाला। गांव के लोग उसे तुरंत दामडी सीएचसी लेकर गए, जंहा डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना की पर दोवड़ा थाने से एएसआई तेजसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी। इसके बाद शव को दामडी सीएचसी से डूंगरपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मां-बाड़ी केंद्र के कार्मिक लंबित मांगो को लेकर कलमबंद हड़ताल पर उतरे

**डूंगरपुर।** जिले की स्वच्छ परियोजना की ओर से संचालित मां-बाड़ी केंद्र के कार्मिक आज मानदेय बढाने सहित अन्य लंबित मांगो को लेकर कलमबंद हड़ताल पर उतर गए है। जिसके तहत माँ-बाड़ी केंद्र के कार्मिको ने जिला मुख्यालय पर स्थित स्वच्छ परियोजना के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करते हुएअपनी मांगो को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। राजस्थान माँ-बाड़ी शिक्षा सहयोगी संघ व संघर्ष समिति स्वच्छ परियोजना की ओर से मंगलवार को सभी कार्मिक अपनी लंबित मांगो को लेकर कलमबंद हड़ताल पर उतर गए है। हड़ताल के तहत माँ-बाड़ी कार्मिको का अनिश्चितकालीन धरना भी जिला मुख्यालय स्थित स्वच्छ परियोजना के कार्यालय के बाहर शुरू हुआ। इस मौके पर माँ बाड़ी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंदूलाल अहारी ने बताया की स्वच्छ परियोजना डूंगरपुर के अधीन संविदा व सेवा प्रदाता संस्था के माध्यम से 16 से 23 साल से कार्मिक अपनी सेवाए दे रहे है। उन्होंने बताया की इन कार्मिको की मानदेय बढाने, नियमित वेतन श्रंखला का लाभ देने सहित विभिन्न मांगो को लेकर सरकार को कई बार ज्ञापन दिए गए है लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया की सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं होने से परेशान कार्मिक अब कलमबंद हड़ताल पर उतर गए है।

## बजरी से भरे डंपर पकड़े, कागज नहीं होने पर 2-2 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**डूंगरपुर।** खनन विभाग ने गुजरात से राजस्थान आ रहे बजरी से भरे दो डंपर को पकड़ा। ड्राइवरों के पास बजरी ले जाने का कोई कागज नहीं था। जिस पर 2-2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। खनन विभाग की कार्यानुदेशक मिनाक्षी व्यास ने बताया कि गुजरात से अवैध बजरी को राजस्थान लेकर आने की सूचना मिली। इस पर सहायक अभियंता दिलीप सुथार की टीम ने नेशनल हाइवे 48 पर नाकाबंदी कर जांच की। इस दौरान गुजरात से आ रहे 2 डंपर को रुकवाकर जांच की। जिसमें बजरी भरी हुई थी। बजरी ले जाने के ड्राइवर के पास कोई कागज नहीं मिले। इस पर खनन विभाग ने दोनों डंपर को जब्त कर बिछीवाड़ा थाने में खड़ा करवाया। खनन विभाग ने 2-2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया हैं। जुर्माना चुकाने पर ही डंपर को छोड़ा जाएगा। गुजरात से सटे वागड़ में बजरी खनन पर प्रतिबंध हैं। ऐसे में गुजरात से बजरी से भरे डंपर ट्रक आ रहे है। राजस्थान में बजरी लाने पर किसी तरह की रॉयल्टी नहीं दी जा रही है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 9 को, जिले को मिला 3 हजार का लक्ष्य

**बांसवाड़ा।** चिकित्सा विभाग की ओर से 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस दिन जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की उच्च गुणवत्ता की जांचें की जाएगी। अभियान के तहत प्रसव पूर्व की जांचें की जाएगी। ताकी प्रसव के दौरान किसी भी महिला को स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। इस बार निदेशालय की ओर से एक दिन में 3 हजार गर्भवती महिलाओं की जांच करने का लक्ष्य दिया है। अब तक 334 बार चला अभियान, 11 हजार से अधिक लाभांवित जिले में इस सत्र में अब तक 334 बार यह अभियान चलाया गया है। इसके तहत 11234 गर्भवती महिलाओं ने लाभ लिया है।

# घाटोल के राउमावि कंठाव में हुआ साइकिल वितरण

**बांसवाड़ा।** जिले के घाटोल अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंठाव में मंगलवार को साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। साइकिल वितरण समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक संस्थाप्रधान रामनरेश मीणा कोटा, व मुख्य अतिथि सरपंच जीवादेवी रहे। विशिष्ट अतिथि रमेश गिरदावर, उपसरपंच महिपाल कटारा, मुकेश सचिव, पूर्व डायरेक्टर रामलाल, पूर्व डीलर कचरू, दलजी भाई, गौतम, हरीश राठौड़, धीरजमल सेमलपाड़ा रहे। इस दौरान गिरदावर रमेश ने बताया कि साइकिल वितरण योजना सरकारी योजना है जिससे बेटियां पढ़ लिखकर आगे बढ़े और आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाये, साथ ही विद्यालय से घर की दूरी को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा साइकिल वितरित की जा रही है। साइकिल वितरण समारोह के दौरान अतिथियों का तिलक द्वारा स्वागत कमलेश मीना द्वारा किया गया, वही सुधीर जोशी ने बताया कि साइकिल वितरण योजना के तहत कंठाव विद्यालय की कक्षा 9वी व 10वी कक्षा की 78 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से सुधीर जोशी, कमलेश मीना, अनिल त्रिवेदी, शंकरलाल त्रिवेदी, प्रदीप कलाल, नारायण लाल, भावेष बुनकर, गुरदीप सिंह, उपस्थित रहे। साइकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का संचालन विश्वम्भर मेघवाल व आभार शंकर लाल त्रिवेदी द्वारा किया गया।

# भाजपा एकमुखी है, चुनाव में चेहरा कौन होगा, इसकी चर्चा की जरूरत ही नहीं-पूनियां




**जयपुर।** भाजपा में चेहरे की लड़ाई पर एक बार फिर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा है कि चुनाव का चेहरा कौन होगा, इसकी चर्चा की जरूरत ही नहीं। सम्पूर्ण भाजपा एकमुखी है। पार्टी आलाकमान के निर्देशों की पूरी तरह पालना ही हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड ही भाजपा में सर्वोपरि होता है। वो ही तय करता है कि कौन चेहरा होगा। ये तमाम चीजें भविष्य के गर्भ में हैं। हमारा पहला लक्ष्य भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा संस्कारित परिवार है, जहां पर संगठन, विचार, चुनाव चिन्ह, नेतृत्व ही हमारा प्रेरणा पथ है। भाजपा के परचम के पीछे हम सब लोग चलते हैं। किसी दूसरे मुद्दे की चर्चा की आवश्यकता नहीं है। सीएम कुर्सी बचाने के लिए बेवजह इल्जाम लगाते हैं अमित शाह के गहलोत सरकार नहीं गिराने के बयान पर पूनियां ने कहा कि भाजपा अपनी ताकत के बलबूते सत्ता में आएगी। भाजपा की लोकतंत्र में आस्था है। भाजपा का सरकारें गिराने में कोई यकीन नहीं है। संघर्ष के दम पर हम जीतेंगे और अपनी खूबी से शासन में आएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम गहलोत कुर्सी बचाने के लिए बेवजह इल्जाम लगाते हैं। अमित शाह का कहने का मतलब भी यही था कि कांग्रेस पार्टी कमजोर है। लेकिन हम अपनी खूबी से जीतेंगे। 2023 में राजस्थान में हम दमदार वापसी करेंगे सतीश पूनियां ने अमित शाह के दौरे को ऐतिहासिक बताया और कहा कि जैसी उम्मीद थी उससे कहीं ज्यादा शानदार शाह की यात्रा रही है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुटता का सन्देश दिया है। सशक्त मंडल से बूथ तक की मजबूती पर उनका फोकस रहा।



## जयपुर की रैली से होगी मोदी सरकार के पतन की शुरूआत:गहलोत



**जयपुर।** कांग्रेस की 12 दिसंबर को महंगाई हटाओ महारैली को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएम अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी अजय माकन समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक में सभी मंत्रियों और समितियों के संयोजकों को रैली की तैयारियों के लिए दिशानिर्देश दिए गए और ज्यादा से ज्यादा भीड़ लाने का टारगेट दिया गया।

बैठक के बाद सीएम गहलोत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में यह ऐतिहासिक रैली होगी और इससे राजस्थान गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में आयोजित होने वाली इस रैली से मोदी सरकार के पतन की शुरूआत होगी। साथ ही राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दुबारा बनने की यह शुरूआत होगी। सीएम गहलोत ने अमित शाह पर भी हमला बोला और कहा कि वे असत्य बातें कर चले जाते हैं। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार गिराने की पूरी कोशिश की गई। लेकिन, राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार के साथ थी।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, राज्यपाल को झण्डा भेंट, सीएम ने किया अंशदान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जांबाज सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए यथासंभव सहयोग करने का आह्वान किया है। गहलोत से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक एवं ब्रिगेडियर (सेनि.) वी.एस. राठौड ने मुलाकात की और उन्हें प्रतीकात्मक झण्डा (बैज) लगाया। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए अंशदान किया। गहलोत ने कहा कि यह दिवस देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले हमारे बहादुर सैनिकों तथा शहीदों के परिजनों के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखने का सुअवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री निवास पर उपस्थित राज्य मंत्रीरिषद् के अन्य सदस्यों तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय माकन ने भी इस अवसर पर सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए अंशदान किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर मंगलवार को यहां राजभवन में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र को इस अवसर पर राठौड़ ने झण्डा लगाकर सहयोग राशि प्राप्त की। राज्यपाल मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों को नमन भी किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को सशस्त्र सेना झण्डा कोष में योगदान देकर सशर्स्त सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए।

## जयपुर से आए बड़े अफसर के शिविर में पहुंचते ही उड़ गए होश

उदयपुर। प्रशासन शहरों के संग शिविर में सोमवार को राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एव आवासन विभाग के प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शिविर में लोगों को अधिक से अधिक पट्टे देने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर, फतह स्कूल में आयोजित शिविर में दिनभर 164 पट्टे बनाए गए जिन्हें महापौर, उपमहापौर ने वितरित किए। शिविर में दोपहर को प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा निरीक्षण के दौरान पहुंचे तो उन्होंने निगम में उप नगर नियोजक नीलम वर्मा, राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर आदि से पट्टे के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से अधिक से अधिक शहरवासी इस अभियान से लाभान्वित हो, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए।फतहस्कूल में आयोजित शिविर में महापौर गोविंद सिंह टाक, आरपी शर्मा, निगम उपायुक्त अनिल शर्मा, सहवृत पार्षद रवीन्द्रपाल सिंह कप्पू, बतुल हबीब ने शिविर में बनाए गए पट्टों का वितरण किया गया।

### 2026-27 तक बिजली की मांग, आपूर्ति और उपलब्धता का बनेगा रोडमेप

# विद्युत क्षमता बढ़ाने की बनेगी योजना: डॉ. सुबोध अग्रवाल




**जयपुर।** राज्य के उर्जा विभाग द्वारा 2026-27 तक प्रदेश में बिजली की वर्षवार बिजली उपलब्धता, मांग और आपूर्ति व्यवस्था का रोड़मेप बनाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने यह निर्देश मंगलवार को विद्युत भवन में आयोजित एनर्जी एफिसिएंसी कमेटी की बैठक में दिए। उन्होंने बताया कि उनके स्तर पर संयुक्त सचिव एनर्जी आलोक रंजन के नेतृत्व में प्लानिंग व कोआर्डिनेशन सेल का गठन भी किया गया है। यह सेल राज्य की सभी विद्युत कंपनियों से परस्पर समन्वय व संवाद कायम करेगा ताकि सूचनाओं की त्वरित प्राप्ति के साथ ही समयवद्ध कार्यनिष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। एसीएस माइंस, पेट्रोलियम व एनर्जी डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उर्जा विकास निगम के निदेशक पॉवर ट्रेडिंग पीएस सक्सैना अगले आठ से दस दिनों में विद्युत उत्पादन निगम, तीनों डिस्कॉम, अक्षय उर्जा निगम व उर्जा विकास निगम सहित संबंधित संस्थाओं के विशेषज्ञ अधिकारियों के साथ तैयार बैठक कर रोडमेप की परेखा तैयार करेंगे यह दल राज्य में विद्युत उत्पादन के कंवेशनल सोर्सेज के साथ ही अक्षय उर्जा व नवीकरण सोर्सेज से सोलर, विण्ड और बायोमास आदि की उपलब्ध क्षमता व भावी संभावनाओं का भी रोडमेप में समावेश करेगा। उसके बाद इसी माह आयोजित बैठक में इसे अंतिम रूप देकर राज्य सरकार को उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019-20 में राज्य में 6000 मेगावाट उत्पादन क्षमता बढ़ाने की बजट घोषणा की गई थी जिसे चरणवद्ध तरीके से इस रोडमेप के आधार पर बढ़ाया जाएगा।

इसी तरह से सभी जिलों में काश्तकारों को खेती के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराने की बजट घोषणा का क्रियान्वयन किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि एनर्जी एफिसिएंसी कमेटी की पहली बैठक जून 2019 में हुई थी। जुलाई 21 में भी आयोजित बैठक में तात्कालीक समाधान पर चर्चा की गई। दिसंबर 2021 के अंत तक विभाग स्तर पर कार्ययोजना को अंतिम रूप दे रूप दे दिया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक व भविष्यदर्शी रोडमेप तैयार किया जाए। एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी ब्लॉकों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की बजट घोषणा की जा चुकी है। इसके क्रियान्वयन में 17 जिलों में काश्तकारों को दो पारी में दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाने लगी है। चरणवद्ध तरीके से राज्य के अन्य जिलों में भी काश्तकारों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है।